**फा.सं. 25-I(08)/2022-एएचडी/एआर**
**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
*****

## सितंबर, 2022 माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां

### 1. गोपशु और डेयरी विकास:

(i) विभाग ने दिनांक 01.08.2022 से दिनांक 30/09/2022 तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल यानी https://awards.gov.in के माध्यम से "राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार -2022" के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू की। अब आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि, दिनांक 10.10.2022 तक बढ़ा दी गई है।

(ii) बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी), स्वचालित दूध संग्रह इकाइयों (एएमसीयू), डाटा प्रोसेसिंग दूध संग्रह इकाई (डीपीएमसीयू), प्राथमिक स्तर की डेयरी सहकारी समितियों में दूध मिलावट परीक्षण मशीनों की स्थापना, डेयरी संयंत्र प्रयोगशालाओं का सुदृढीकरण तथा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तंत्र की सहायता के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) के तहत, 143.30 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा-96.77 करोड़ रुपये) के कुल परिव्यय के साथ 7 परियोजनाओं (कर्नाटक में 3 और राजस्थान में 4) को सचिव (एएचडी) की अध्यक्षता वाली परियोजना मंजूरी समिति द्वारा दिनांक 05.09.2022 को अनुमोदित किया गया है।

### 2. पशुधन स्वास्थ्यः

i. पश्चिम बंगाल में लंपी त्वचा रोग (एलएसडी) की घटनाओं की पुष्टि होने पर, राज्य को तत्काल जैव सुरक्षा और जैव संरक्षा उपाय करने के लिए परामर्शी जारी की गई, जिसमें एक निश्चित समय सीमा में रोग को नियंत्रित करने और रोकथाम करने के लिए रिंग टीकाकरण भी शामिल है।

ii. गोवा में अफ्रीकी स्वाइन फीवर (एएसएफ) की घटनाओं की पुष्टि होने पर, विभाग ने शूकरों में एएसएफ के तत्काल नियंत्रण और रोकथाम के उपायों को सख्ती से लागू करने की सलाह के साथ परामर्शी और राष्ट्रीय कार्य योजना जारी की है।

iii. उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा राज्यों में ग्लैंडर्स की घटनाओं की पुष्टि होने पर, विभाग ने इन राज्यों को जू सेनेटरी उपायों को अपनाने तथा बीमारी को और फैलने से रोकने के लिए संक्रमित क्षेत्र से घोड़ों की आवाजाही की निगरानी/प्रतिबंधित करने के लिए परामर्शी जारी की है।

iv. विभाग ने दक्षिणी क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशाला (एसआरडीडीएल), बैंगलोर और गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (जीएडीवीएएसयू), लुधियाना को अधिकृत करके आईसीएआर-एनआईएचएसएडी द्वारा पुष्टि किए गए क्षेत्रों में पीसीआर के माध्यम से तदनुसार निदान और नियंत्रण के उपाय हेतु अफ्रीकी स्वाइन बुखार (एएसएफ) परीक्षण / स्क्रीनिंग का विकेंद्रीकरण किया।

v. विभाग ने दक्षिणी क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशाला (एसआरडीडीएल) बैंगलोर, पश्चिमी क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशाला (डबल्यूआरडीडीएल), पुणे, उत्तर-पूर्व क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशाला (एनईआरडीडीएल) गुवाहाटी, लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूवीएएस), हिसार और गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (जीएडीवीएएसयू) लुधियाना को अधिकृत करके आईसीएआर-एनआईएचएसएडी द्वारा पुष्टि किए गए क्षेत्रों में पीसीआर के माध्यम से तदनुसार शीघ्रता से निदान और नियंत्रण के उपाय हेतु अफ्रीकी लंपी त्वचा रोग (एलएसडी) परीक्षण / स्क्रीनिंग का विकेंद्रीकरण किया।

vi. विभाग ने गैर-प्रभावित राज्यों को परामर्शी जारी की और लंपी त्वचा रोग (एलएसडी) पर जागरूकता और अग्रिम तैयारी के लिए दिनांक 12.09.2022 को वर्चुअल बैठक आयोजित की।

vii. विभाग ने पेस्टे डेस पेटिट्स (पीपीआर) टीकों के क्यूसी परीक्षण के लिए परियोजना लॉजिस्टिक एजेंसी द्वारा टीकों के नमूने के लिए एसओपी तैयार किया।

viii. विभाग ने भारत के स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के अनुसार कनाडा से भारत में आयात के लिए शूकरों में इवरमेक्टिन के उपयोग पर उपचार प्रोटोकॉल प्रदान किया।

ix. एनएडीसीपी के तहत अब तक संचयी आधार पर 25.01 करोड़ गोपशु और भैंसों को इयर-टैग किया गया है और 12.43 करोड़ गोपशु और भैंसों का एफएमडी के लिए टीकाकरण किया जा चुका है। इसके अलावा, ब्रुसेलोसिस के लिए 1.13 करोड़ का संचयी टीकाकरण किया गया है। सितंबर, 2022 के दौरान, लगभग 33 लाख पशुओं को इयर-टैग किया गया और 12 लाख पशुओं को एफ़एमडी के लिए टीका लगाया गया।

**3. राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) :**

(1) योजनाओं की प्रगति, पीएफएमएस और एसएनए मैपिंग में आने वाली कठिनाइयों की समीक्षा करने और अन्य मामलों के लिए उत्तरी, दक्षिणी, मध्य, पूर्वी, पश्चिमी और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के सभी राज्यों के साथ राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) के तहत क्षेत्रीय समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।

**4. क्रेडिट, विस्तार और प्रचार (सीईपी) :**

विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय डेयरी संघ विश्व डेयरी सम्मेलन (आईडीएफ़ डबल्यूडीएस), 2022 में भाग लिया, जो 12 सितंबर, 2022 को इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया था। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने "अंतर्राष्ट्रीय डेयरी संघ विश्व डेयरी सम्मेलन (आईडीएफ़ डबल्यूडीएस), 2022" कार्यक्रम का उद्घाटन किया। दिनांक 12 से 15 सितंबर, 2022 तक आयोजित चार दिवसीय आईडीएफ डब्ल्यूडीएस 2022 'पोषण और आजीविका के लिए डेयरी' के विषय पर केंद्रित उद्योग जगत के नेताओं, विशेषज्ञों, किसानों और नीति नियोजकों सहित वैश्विक और भारतीय डेयरी हितधारकों की एक बैठक थी। हितधारकों और उद्यमियों को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की पूरी जानकारी दी गई।

**5. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी) :**

i. दिनांक 19.09.2022 को कृषि भवन, नई दिल्ली में व्यापार और निर्यात विकास तथा कृषि मंत्री, महामहिम श्री डेमियन ओ 'कॉनर के नेतृत्व में न्यूजीलैंड के प्रतिनिधिमंडल तथा माननीय एफएएचडी मंत्री के मध्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने के लिए एक बैठक हुई।

बैठक के दौरान, न्यूजीलैंड के अधिकारियों ने डेयरी उद्योग में पशु आनुवंशिकी, पशु प्रोटीन, मीथेन उत्सर्जन आदि की भूमिका सहित डेयरी क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता साझा की और डीएएचडी, भारत सरकार के अधिकारियों ने मजबूत डेयरी सहकारी समितियों की भूमिका सहित भारतीय डेयरी मॉड्यूल की ताकत के बारे में बताया। विभाग ने पशुधन में एफएमडी और ब्रुसेलोसिस को नियंत्रित करने के लिए "राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी)" नामक भारत सरकार की पहल के बारे में भी बताया। दोनों पक्ष परस्पर क्षमता बढ़ाने और न्यूजीलैंड की डेयरी

विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए संबंधित क्षेत्रों में ज्ञान साझा करने और एक-दूसरे के अनुभवों का लाभ उठाने पर सहमत हुए।

ii. सचिव, एएचडी ने दोनों देशों के बीच बाजार पहुंच के मुद्दों सहित द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने के लिए दिनांक 29.09.2022 को कृषि भवन, नई दिल्ली में कनाडा उच्चायोग के कृषि सलाहकार डॉ. मवाटे मुलेंगा के नेतृत्व में कनाडाई प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की।

iii. दोनों देशों के बीच पशुधन और पशुधन उत्पादों में व्यापार पर चर्चा करने के लिए दिनांक 08.09.2022 को मॉरीशस के एजी सहायक निदेशक, पशुधन और पशु चिकित्सा- ओआईई प्रतिनिधि के नेतृत्व में जेएस (आईसी) और मॉरीशस के अधिकारियों के बीच एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी।

iv. सुश्री जीवन भिंडर, प्रथम सचिव-व्यापार, ब्रिटिश उच्चायोग के नेतृत्व में जेएस (आईसी) और यूके प्रतिनिधिमंडल के बीच दिनांक 09-09-2022 को एक वर्चुअल बैठक यूके-भारत एफटीए वार्ता, यूके के नए कृषि काउंसलर और डीएएचडी के पशु आपूर्ति श्रृंखला के डिजिटलीकरण में रुचि के अपडेट पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी।

v. दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग/स्वच्छता संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दिनांक 09.09.2022 को संयुक्त सचिव (आईसी) और डॉ. मवाटे मुलेंगा, काउंसलर कृषि, कनाडा उच्चायोग के बीच एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी।

**6. पशुपालन सांख्यिकी:**

पशुपालन आयुक्त की अध्यक्षता में पशुपालन सांख्यिकी में सुधार के लिए निर्देश हेतु वार्षिक तकनीकी समिति (टीसीडी) की बैठक दिनांक 29 और 30 सितंबर, 2022 को बंग्लौर में आयोजित की गई थी।

**7. बजट:**

वर्ष 2022-23 के लिए, सितंबर 2022 तक, 4288.84 करोड़ रुपये के बजट अनुमान (बीई) के मुकाबले, व्यय 742.49 करोड़ रुपये था। सितंबर 2022 माह के दौरान पशुपालन एवं डेयरी विभाग का व्यय 192.80 करोड़ रुपये था।

**8. सोशल मीडिया कार्यकलाप:**

माह के दौरान विभाग के ट्विटर पेज को 76,876 फॉलोअर्स ने हिट किया। सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत, 157 रचनात्मक पोस्ट किए गए, 222 ट्वीट किए गए और 1498 री-ट्वीट किए गए, 3 वीडियो और जीआईएफ बनाए गए। विभाग के फेसबुक पर 1,31,587 फॉलोअर्स थे। विभाग के कू अकाउंट पर 89,000 फॉलोअर्स हैं। सितंबर, 2022 के अंत तक लिंक्डइन पर 1109 फॉलोअर्स हैं और इंस्टाग्राम पर 850 फॉलोअर्स हैं।

******